CLASS: III

DATE :

SESSION NO : 14

SUBJECT : (HINDI)

CHAPTER NAME&NO–पाठ-९(देश-प्रेम)

SUB –TOPIC-प्रस्तावना,आदर्श पठन

☺️☺️सीखने का उद्देश्य☺️☺️

बच्चों में पठन कौशल का अधिक से अधिक विकास हो पाना।

😊😊 अनुच्छेद पठन

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing Your Tomorrow

मनुष्य के जीवन में पेड़ों का विशेष महत्व है पेड़ हमारे अच्छे मित्र हैं। इनसे हमें फ़ल , सब्जियां , लकड़ी आदि प्राप्त होती है। लकड़ी से फर्नीचर , कागज , गोंद और माचिस आदि बहुत सारी वस्तुएं तैयार की जाती हैं।

इसके इलावा पेड़ों से बहुत सारियां औषधियां तैयार की जाती हैं जो हमारे शरीर से सबंधित कई प्रकार के रोगों का उपचार करने में मदद करती हैं। पेड़ न केवल हमें शुद्ध हवा प्रदान करते हैं बल्कि पर्यावरण को सुंदर बनाते हैं। पेड़ पर पक्षी अपने घोंसले बनाकर रहते हैं और तपती धूप में ये मनुष्य को छाया प्रदान कर उसे गर्मी से बचाने में मदद करते हैं।

प्रस्तावना

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

देश-प्रेम

पाठ-९ देश-प्रेम

पाठ-९ देश-प्रेम

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

आदर्श-पठन

जापान को उगते सूरज का देश कहते हैं।कई नैसर्गिक विपदाओं के बाद भी इस देश ने खूब तरक्की की है। इसका मुख्य कारण है कि यहाँ के लोग मेहनती हैं। बचपन से इन्हें मेहनत करने की आदत होती है। जापान में बौद्ध धर्म का प्रचार है। जापानी लोग बच्चों को धार्मिक आचरण सिखाते हैं। बच्चों में देश प्रेम की भावना को भी बढ़ाते हैं।

सन 1947 के पहले की बात है। तब भारत स्वतंत्र नहीं था। यहाँ अंग्रेजों का शासन चलता था। उस समय की घटना है यह, जब नेताजी सुभाषचंद्र बोस जापान गए थे। वे जापानी बच्चों का देश-प्रेम परखना चाहते थे ।वे एक प्राथमिक पाठशाला में पहुँचे। सुभाष चंद्र ने आठ साल के एक लड़के को पास बुलाया उन्होंने उससे पूछा क्या तुम जानते हो कि गौतम बुद्ध कौन हैं? लड़के ने झट से कहा, उनको कौन नहीं जानता? हम तो रोज उनको प्रणाम करते हैं।

ODM
EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

नेताजी ने फिर पूछा अगर कल बुध यहाँ आए तो तुम क्या करोगे? लड़का खुशी से बोला वे आएँगे,तो हम उनका स्वागत करेंगे। नेता जी ने फिर पूछा मान लो अकेले नहीं बड़ी सेना लेकर आते हैं और जापान पर चढ़ाई करने आते हैं,तब तुम क्या करोगे? यह सुनकर लड़के की आँखें लाल हो गई उसने अपना हाथ ऊपर उठा कर जोर से कहा हम हाथ में बंदूक लेकर जाएँगे। उनका विरोध करेंगे और दुश्मन को भगाकर देश की रक्षा करेंगे लड़के का उत्तर सुनकर नेताजी गदगद हो उठे।वे मन ही मन बोले अगर भारत के बच्चों और लोगों में भी ऐसा देश प्रेम होता तो अंग्रेज भारतीयों पर कैसे शासन करते?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

गृह कार्य

तुम मुझे खून दो , मैं तुम्हें आजादी दूँगा" , "जय जवान, जय किसान"- "आराम,हराम है" - बताइए ये नारे किसने दिए हैं इस तरह के आजादी के अलग-अलग नारों को याद करते हुए कक्षा में सुनाएँ

अध्ययन के परिणाम

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

बच्चों में पठन कौशल का अधिक से अधिक विकास हो पाया।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP